KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

राजनीति विज्ञान

Chapter - 1

दो ध्रुवीयता का अंत

REVISION WITH QUESTIONS - 3

Satyaveer Yadav

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

Q35. भारत और रूस का सपना किस प्रकार के विश्व का है?



1 Marks

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : बहुध्रुवीय विश्व का।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

Q36. शीतयुद्ध काल के दौरान भारत की सोवियत संघ के साथ अधिक दोस्ती का कोई एक कारण उजागर कीजिए।

अथवा

किसी एक उदाहरण की सहायता से दर्शाइए कि शीतयुद्ध के दौरान, भारत सोवियत संघ की निन्दा करने से बचता रहा।

1 Marks

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : सोवियत संघ ने भारत को सार्वजनिक क्षेत्र के भिलाई, बोकारो तथा विशाखापट्टनम जैसे इस्पात कारखानों और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स जैसे मशीनरी संयंत्रों के लिए आर्थिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान की।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

Q37. भारत - रूस मैत्री की किसी एक विशिष्ट विशेषता का उल्लेख कीजिए।



1 Marks

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : भारत - रूस मैत्री की एक विशिष्ट विशेषता है- भारत की विदेश नीति का रूस के प्रति झुकाव।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q1. बर्लिन की दीवार के विषय में आप क्या जानते हैं?

अथवा

शीतयुद्ध का सबसे बड़ा प्रतीक क्या था? उसकी संक्षिप्त जानकारी दीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : शीतयुद्ध के दौरान जर्मनी का दो भागों में विभाजन हो गया। पूर्वी जर्मनी सोवियत खेमे एवं पश्चिमी जर्मनी अमेरिकी खेमे में सम्मिलित हो गया। सन् 1961 में दोनों देशों के मध्य एक 150 किमी. लम्बी दीवार बना दी गयी जिसे बर्लिन की दीवार कहते हैं। यह दीवार शीतयुद्ध का प्रतीक थी। इसे पूँजीवादी दुनिया व साम्यवादी दुनिया के बीच विभाजन का प्रतीक माना जाता है। 9 नवम्बर, 1989 को जनता ने इस दीवार को गिरा दिया। यह दोनों जर्मनी के एकीकरण, साम्यवादी खेमे की समाप्ति एवं शीतयुद्ध की समाप्ति की शुरुआत थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q2. सन् 1989 में बर्लिन की दीवार के ढहने का द्वि-ध्रुवीयता का अन्त क्यों कहा जाता है?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : द्वि - ध्रुवीयता के दौर में जर्मनी दो भागों में विभाजित हो गया था। जहाँ पूर्वी जर्मनी साम्यवादी सोवियत संघ के प्रभाव में तथा पश्चिमी जर्मनी संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रभाव में था। सन् 1989 में बर्लिन की दीवार के ढहने के पश्चात् ही सम्पूर्ण विश्व में से सोवियत संघ का प्रभाव भी समाप्त हो गया तथा अब तक दो ध्रुवों में विभाजित विश्व एकध्रुवीय हो गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q3. 'दूसरी दुनिया के देश' से आपका क्या तात्पर्य है?

अथवा

समाजवादी खेमे में देशों से आप क्या समझते हैं?

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न


उत्तर : द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् विश्व दो गुटों में विभाजित हो गया। एक गुट का नेतृत्व पूँजीवादी देश संयुक्त राज्य अमेरिका कर रहा था। इस गुट में सम्मिलित देशों को पहली दुनिया के देश कहा गया। दूसरे गुट का नेतृत्व साम्यवादी देश समाजवादी सोवियेत गणराज्य (रूस) कर रहा था। इस गुट के देशों को दूसरी दुनिया के देश अथवा समाजवादी खेमे के देश कहा जाता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q4. ब्लादिमीर लेनिन के बारे में आप क्या जानते हैं?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : ब्लादिमीर लेनिन का जन्म 1870 ई. को हुआ था। व्लादिमीर रुस की बोल्शेविक कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक थे। ये सन् 1917 ई. की रुसी क्रान्ति के नायक थे तथा 1917 - 1924 ई. की अवधि में सोवियत समाजवादी गणराज्य के संस्थापक अध्यक्ष रहे। ये साम्यवाद के असाधारण सिद्धान्तकार थे। इन्हें सम्पूर्ण विश्व में साम्यवाद का प्रेरणास्त्रोत माना जाता है। सन् 1924 में इनका निधन हो गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q5. "द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् सोवियत संघ महाशक्ति के रूप में उभरा।" कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए।

अथवा

द्वितीय विश्वयुद्ध के अन्त में, अमेरिका को छोड़कर सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था शेष विश्व की तुलना में कहीं अधिक विकसित थी। किसी एक उदाहरण द्वारा इस कथन को प्रमाणित कीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

1. सोवियत संघ की संचार प्रणाली अत्यन्त उन्नत थी।
2. सोवियत संघ के पास विशाल ऊर्जा संसाधन थे; जिनमें खनिज तेल, लोहा, इस्पात एवं मशीनरी उत्पाद सम्मिलित थे।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था, शेष विश्व की तुलना में कहीं अधिक विकसित थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q6. सोवियत प्रणाली के कोई दो दोष बताइए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

1. सोवियत प्रणाली धीरे-धीरे समाजवादी हो गयी; इसमें नौकरशाही का प्रभाव बढ गया था।
2. सोवियत संघ में एक दल अर्थात् कम्युनिस्ट पार्टी का शासन था; जो कि किसी के प्रति भी उत्तरदायी नहीं था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q7. सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था में गतिरोध क्यों आया? कोई दो कारण दीजिए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था में निम्न कारणों से गतिरोध आया:

1. सोवियत संघ ने अपने संसाधनों का अधिकांश भाग परमाणु हथियारों के विकास एवं सैनिक साजो-सामान पर खर्च किया; जिससे सोवियत संघ में आर्थिक संसाधनों की कमी हो गयी।
2. सोवियत संघ को पूर्वी यूरोप के अपने पिछलग्गू देशों के विकास पर अपने संसाधन खर्च करने पड़े जिससे वह धीरे - धीरे आर्थिक तौर पर कमजोर होता चला गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q8. सोवियत संघ का विघटन क्यों हुआ?

अथवा

सोवियत संघ के विघटन के कोई दो कारण लिखिए।

अथवा

आपकी राय में सोवियत संघ के विघटन के दो मुख्य कारण क्या थे?

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : सोवियत संघ के विघटन के दो प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं

1. तत्कालीन सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव द्वारा चलाये गये राजनीतिक एवं आर्थिक सुधार कार्यक्रम।
2. सोवियत संघ के गणराज्यों में लोकतान्त्रिक एवं उदारवादी भावनाओं का उत्पन्न होना।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q9. सोवियत संघ के विघटन का सर्वाधिक तात्कालिक कारण क्या था?

अथवा

सोवियत संघ के विघटन का अन्तिम कारण क्या था?

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : सोवियत संघ के विभिन्न गणराज्यों: रूस, एस्टोनिया, लताविया, लिथुआनिया, उक्रेन एवं जार्जिया आदि में राष्ट्रीयता एवं सम्प्रभुता के भावों का उभार सोवियत संघ के विघटन का अन्तिम एवं सर्वाधिक तात्कालिक कारण सिद्ध हुआ।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q10. मिखाइल गोर्बाचेव द्वारा किए गए कार्यों को संक्षेप में बताइए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : मिखाइल गोर्बाचेव सोवियत संघ के अन्तिम राष्ट्रपति थे। इन्होंने सोवियत संघ में पेरेस्त्रोइका (पुनर्रचना) और ग्लासनोस्त (खुलेपन) की नीति के अन्तर्गत आर्थिक और राजनीतिक सुधार शुरु किये। इन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर हथियारों की होड़ पर रोक लगाई। इन्होंने जर्मनी के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q11. सोवियत संघ के पतन के कोई दो परिणाम बताइए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

द. एशियाई

SAARC

ASEAN

द. पू.



उत्तर :

1. सोवियत संघ के पतन के कारण अमेरिकी गुट व सोवियत गुट के मध्य चला आ रहा शीतयुद्ध समाप्त हो गया।
2. शीतयुद्ध के समाप्त होने से परमाणु हथियारों की होड़ भी समाप्त हो गयी तथा एक नई शांति की संभावना का जन्म हुआ।

KOLORS
make life better

लघुत्तरात्मक प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q12. शॉक थेरेपी से क्या अभिप्राय है?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न


उत्तर : शॉक थेरेपी का शाब्दिक अर्थ आघात पहुँचाकर उपचार करना है। शॉक थेरेपी से अभिप्राय है कि धीरे-धीरे परिवर्तन न करके एकदम से आमूल-चूल परिवर्तन के प्रयत्नों को लादना है। रूसी गणराज्य में शॉक थेरेपी हेतु जल्दीबाजी में निजी स्वामित्व, वित्तीय खुलापन, मुक्त व्यापार एवं मुद्राओं की आपसी परिवर्तनशीलता पर बल दिया। शॉक थेरेपी का यह मॉडल विश्व बैंक व अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा निर्देशित था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q13. शॉक थेरेपी के अन्तर्गत पूर्व सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु कौन-कौन से उपाए किए गए? किन्हीं दो को लिखिए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

1. शॉक थेरेपी के अन्तर्गत राज्य की सम्पदा के निजीकरण और व्यावसायिक स्वामित्व के ढाँचे को तुरन्त अपनाया गया।
2. सामूहिक कृषि फार्मों को निजी फॉर्मों में बदला गया और पूँजीवादी पद्धति से खेती प्रारम्भ हुई।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q14. 'इतिहास की सबसे बड़ी गराज-सेल' के विषय में आप क्या जानते हैं?

अथवा

पूर्व सोवियत संघ के इतिहास की सबसे बड़ी गराज सेल' किसे कहा जाता है?

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : सोवियत संघ के पतन के पश्चात् अस्तित्व में आए नए गणराज्यों ने शॉक थेरेपी (आघात पहुँचाकर उपचार करना) की विधि द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया परन्तु शॉक थेरेपी के फलस्वरूप सम्पूर्ण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था तहस-नहस हो गयी। रूस में पूरा राज्य नियन्त्रित औद्योगिक ढाँचा चरमरा गया। लगभग 70 प्रतिशत उद्योगों को निजी हाथों या कम्पनियों को बेचा गया। इसे ही 'इतिहास की सबसे बड़ी गराज-सेल' कहा जाता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q15. सोवियत संघ के विघटन के समय किन दो गणराज्यों में हिंसक अलगाववादी आन्दोलन हुए?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : सोवियत संघ के विघटन के पश्चात् उसके दो पूर्व गणराज्यों चेचन्या तथा दागिस्तान में हिंसक अलगाववादी आन्दोलन चले। रूस ने चेचन विद्रोहियों से निपटने के जो तरीके अपनाए उनमें मानवाधिकारों का भारी उल्लंघन किया गया था। उल्लेखनीय है कि सोवियत संघ के अनेक गणराज्यों में अभी भी वर्तमान शासन के विरुद्ध आन्दोलन चल रहे हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q16. मध्य एशियाई गणराज्यों में संघर्ष एवं तनाव के कोई दो कारण बताइए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

1. मध्य एशियाई गणराज्यों में संघर्ष व तनाव का एक प्रमुख कारण यह था कि इन देशों में हाइड्रोकार्बनिक (पेट्रोलियम) संसाधनों का विशाल भण्डार होने के बावजूद इन देशों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ।
2. इस क्षेत्र में धीरे-धीरे संयुक्त राज्य अमेरिका का हस्तक्षेप बढ़ गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q17. युगोस्लाविया का विघटन किस प्रकार हुआ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : बाल्कन क्षेत्र के गणराज्य युगोस्लाविया में गहन जातीय संघर्ष प्रारम्भ हो गया और सन् 1991 के पश्चात् युगोस्लाविया कई प्रान्तों में टूट गया। इसमें सम्मिलित बोस्निया-हर्जेगोविना, स्लोवेनिया एवं क्रोएशिया ने अपने आपको स्वतन्त्र घोषित कर दिया। यहाँ नाटो को हस्तक्षेप करना पड़ा। युगोस्लाविया में बमबारी हुई और जातीय संघर्ष ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया।